# LGBTQ बच्चों और युवाओं के कुशल भविष्य के निर्माण के लिए FAMILY ACCEPTANCE PROJECT® के पोस्टर

https://familyproject.sfsu.edu/

**Family Acceptance Project®** ने परिवार के सदस्यों, चिकित्सकों, धार्मिक नेताओं, LGBTQ युवाओं और अन्य लोगों को शिक्षित करने के लिए नए शोध-आधारित पोस्टर प्रकाशित किए हैं, जो LGBTQ बच्चों और युवाओं को आत्महत्या और अन्य गंभीर स्वास्थ्य परिणामों को रोकने और स्वस्थ भविष्य के निर्माण में, परिवार के समर्थन की अहम भूमिका के बारे में बताते हैं। यह विवरण इन पोस्टरों के बारे में जानकारी प्रदान करता है और सुझाव देता है कि उनका उपयोग कैसे करें।

ये पोस्टर सभी सेटिंग्स में उपयोग किए जाने के लिए बनाये गए हैं:

- जनता, परिवारों, देखभाल करने वालों, चिकित्सकों, धार्मिक नेताओं और LGBTQ युवा लोगों को शिक्षित करने के लिए कि पारिवारिक स्वीकृति और अस्वीकृति का LGBTQ बच्चों व युवाओं के स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम और कल्याण, खासकर आत्महत्या, से क्या अहम सम्बन्ध है |
- परिवारों के लिए शिक्षा व हस्तक्षेप संसाधन बनने के लिए ताकि LGBTQ बच्चों और युवाओं के परिवार अस्वीकृति कम करके उनके लिए जोखिम घटा सकें और स्वीकृति व समर्थन बढ़ा करके उनकी कुशलता बढ़ा सकें|




**शोध आधारित शिक्षा संसाधन** – ये पोस्टर जातीय, नस्लीय और धार्मिक रूप से विविध परिवारों और उनके LGBTQ बच्चों के साथ FAP के साथियों के समीक्षित अध्ययन और पारिवारिक सपोर्ट कार्य से हासिल जानकारी को साझा करते हैं। FAP के शोध ने 100 से अधिक विशिष्ट स्वीकार्यता व अस्वीकार्यता व्यवहारों की पहचान की है जिनसे माता-पिता, परिवार और देखभाल करने वाले LGBTQ युवाओं को प्रतिक्रियाएं देते हैं। FAP शोधकर्ताओं ने इन व्यवहारों को यह दर्शाने के लिए मापा है कि पारिवारिक अस्वीकृति व्यवहार किस तरह से आत्महत्या, डिप्रेशन, नशीले पदार्थों के उपयोग, और HIV सहित यौन संचरित संक्रमणों (STI) जैसे गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ावा देते हैं। FAP के शोध यह भी दर्शाते हैं कि कैसे पारिवारिक स्वीकृति व्यवहार जोखिम से सुरक्षा देते हैं और कल्याण को बढ़ावा देते हैं। FAP के अन्य प्रमाण आधारित रोकथाम व हस्तक्षेप साधन, जिनमें ऐसी बहुभाषी पारिवारिक शिक्षा पुस्तिकाएं और विडिओ शामिल हैं जिनको LGBTQ युवाओं में आत्महत्या को रोकने के उच्चतम प्रयत्नों में शामिल किया गया है - ये नए पोस्टर उन्हीं साधनों पर निर्मित हैं |

**पोस्टरों के विभिन्न रूप** – FAP ने अंग्रेज़ी व स्पेनिश में इन पोस्टरों के 3 संस्करण प्रकाशित किए हैं। इनमें शामिल हैं: 1) सामान्य पारिवारिक स्वीकार्यता संस्करण; 2) पारिवारिक अस्वीकार्यता संस्करण; और 3) पारिवारिक स्वीकार्यता संस्करण जो परम्परावादी सेटिंग्स में इस्तेमाल किया जा सके क्योंकि इसमें डेटिंग सम्बंधित कुछ पारिवारिक व्यवहार शामिल नहीं हैं।

FAP के शोध से हासिल मुख्य निष्कर्ष बताता है कि थोड़ा सा बदलाव बहुत बड़ा अंतर पैदा करता है। इसलिए, संघर्ष कर रहे माता-पिता और देखभालकर्ता उन नकारात्मक व्यवहार को कम कर सकते हैं जो वे अपने बच्चे की LGBTQ पहचान को बदलने, मिटाने या कम करने के लिए प्रयोग कर रहे हैं; उन व्यवहारों को घटाने से उनके बच्चे के आत्महत्या जैसे जोखिम कम होंगे और उसका आत्म-सम्मान और कुशल भविष्य के लिए आशा बढ़ेगी। संघर्ष कर रहे माता-पिता उन सकारात्मक व्यवहारों को अपना सकते हैं जो FAP ने अभिज्ञात किये हैं; इनसे वे अपने बच्चों को जता सकते हैं कि वे उनसे प्यार करते हैं और उनका समर्थन करते हैं और वे अपने बच्चों के स्वास्थ्य सम्बन्धी जोखिमों को कम कर सकते हैं।

FAMILY ACCEPTANCE PROJECT®
... building healthy futures for youth

**मूल्यांकन** – FAP यह मूल्यांकन कर रहा है कि ये पोस्टर किस तरह उपयोग किए जाते हैं और युवाओं, परिवारों व उनको उपयोग करने वाले दूसरे लोगों पर उनके क्या प्रभाव पड़ रहे हैं। जब कोई इन पोस्टरों को डाउनलोड करता है तो FAP एक ईमेल पता मांगता है ताकि FAP उनको एक छोटे ऑनलाइन सर्वे और फ़ोन इंटरव्यू में भाग लेने के लिए अनुरोध कर सके, जिससे यह पता चल सके कि बच्चों, युवाओं और परिवारों पर इन पोस्टरों का क्या प्रभाव हुआ है |

**इन पोस्टरों को कहां से प्राप्त करें** – कोई भी इन पोस्टरों के कैमरा-तैयार संस्करणों को स्थानीय रूपों को और प्रिंट करने की जानकारी FAP की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकता है और प्रिंट कर सकता है| वेबसाइट पर इन पोस्टरों का वर्णन करने वाला दिशानिर्देश शामिल होता है और जो उनको उपयोग करने के सुझाव बताता है।

**भाषाएं** – ये पोस्टर इस समय अंग्रेज़ी व स्पेनिश भाषा में उपलब्ध हैं। अन्य भाषाओं को भी अतिरिक्त फंड एकत्रित करने के साथ जोड़ा जाएगा।

**पोस्टर के आकार** – FAP का बेसिक पोस्टर आकार 24” x 36” है जिसे आसानी से किसी प्रतीक्षालय, हॉलवे, क्लीनिकल परीक्षण कक्ष, पुस्तकालय या प्रशिक्षण स्थल पर देखा जा सकता है। अन्य प्रिंट आकार इस प्रकार से हैं: 18” x 24,” 11” x 17,” और 8.5” x 11” जिनको हैंडआउट के रूप में, परिवारों में फ्रिज पर लटकाने, घरेलू उपयोग में और गतिविधियों और आयोजनों पर उपयोग किया जा सकता है।

**पोस्टरों को उपयोग करना** – इन पोस्टरों को हर जगह पर उपयोग करने के लिए बनाया गया है। इसमें शामिल है: क्लीनिक; स्कूल; परिवार सेवा एजेंसियां; प्राथमिक देखभाल व व्यवहार संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं; रोकथाम प्रोग्राम; बाल उत्पीड़न प्रोग्राम; आत्महत्या रोकथाम सेवाएं; शुरुआती बचपन के प्रोग्राम; बाल कल्याण, किशोर न्याय, बेघर, आवासीय व अन्य घर से बाहर के प्रोग्राम; कॉलेज काउंसलिंग सेंटर; सामुदायिक केन्द्र; मनोरंजन वाले सेंटर; पुस्तकालय और लोगों के समूह।

- **स्कूल** – स्कूल प्रदाता सेवाएं (काउंसलर, माता-पिता एडवोकेट्स, मनोवैज्ञानिक, नर्सें, सामाजिक कार्यकर्ता); स्कूल स्वास्थ्य क्लीनिक; बैक-टू-स्कूल-नाइट्स और स्वास्थ्य मेले में माता-पिता के टेबल पर अन्य LGBTQ संसाधनों के साथ; हॉलवे, लॉकर रूम में उपयोग के लिए; विविधता क्लबों और GSA में साझा करने के लिए

- **क्लीनिकल सेवाएं** – जांच व उपचार कक्ष; प्रतीक्षालय; LGBTQ युवा लोगों और परिवारों के मूल्यांकनों, काउंसलिंग और मनोविश्लेषण में; होम विजिट; पारिवारिक थेरेपी; बच्चों व युवाओं को यह सिखाने के लिए स्वीकार्यता और अस्वीकार्यता कैसी दिखती व महसूस होती हैं; LGBTQ बच्चों व युवाओं पर इन व्यवहारों के प्रभाव और पारिवारिक प्रतिक्रियाओं की पहचान के लिए जिससे कि मूल्यांकन हो सके; स्कूल आधारित सेवाओं और कॉलेज काउंसलिंग सेंटरों में

- **निजी व घरेलू उपयोग** – घर पर उपयोग करने के लिए इनको युवाओं व परिवारों को दें; परिवार की प्रगति और बदलाव को मापने के लिए और यह चर्चा करने के लिए ये व्यवहार किस तरह से संवाद, जुड़ाव और संबंधों को प्रभावित करते हैं, इनको पारिवारिक स्थलों पर लटका दें; विस्तारित परिवार के सदस्यों और सांस्कृतिक लीडरों को दें

- **सभाएं व धार्मिक समूह** – शैक्षिक स्थानों और आयोजनों में उपयोग करें; धार्मिक नेताओं, पास्टोरल केयर प्रदाता और सभा के सदस्यों के साथ साझा करें

- **सामुदायिक आयोजन** – आयोजनों और सम्मेलनों में हैंडआउट्स की तरह उपयोग करें और सार्वजनिक स्थानों में साझा करें

- **प्रशिक्षण** – एजेंसी स्टाफ, परिवारों, देखभालकर्ताओं और प्रदाताओं की सभी सेटिंग्स में प्रशिक्षण में उपयोग करें, जिसमें वयस्क शिक्षा, माता-पिता व युवा एडवोकेट्स अथवा पेशेवर प्रशिक्षण और प्रशिक्षु छात्र शामिल है

**जानकारी व फालोअप** – यदि आपको किसी और से पोस्टर मिले हों, और आप हमें इन पोस्टरों के उपयोग और LGBTQ बच्चों, युवाओं और परिवारों पर इनके प्रभावों से संबंधित हमारे मूल्यांकन में मदद करना चाहें – या आपको अधिक जानकारी चाहिए हो तो – कृपया हमसे इस पर संपर्क करें: fap@sfsu.edu

# FAMILY ACCEPTANCE PROJECT®

**Family Acceptance Project**® एक शोध, शिक्षा, हस्तक्षेप और नीति संबंधी प्रोजेक्ट है जो सैन फ्रांसिस्को यूनिवर्सिटी का है, और विविध परिवारों को यह सिखाता है कि वे अपने परिवार, संस्कृति और धर्म समुदायों के संदर्भ में अपने LGBTQ बच्चे का कैसे समर्थन करें। FAP को करीब 20 साल पहले शुरू किया गया था: LGBTQ युवा और उनके परिवारों पर विस्तार में शोध करने के लिए और पहला प्रमाण आधारित पारिवारिक समर्थन मॉडल बनाने के लिए जो देखभाल के सिस्टमों और पार-अभ्यास क्षेत्रों की प्रणाली में जोड़ा जा सके । इसमें LGBTQ बच्चों और युवाओं के लिए जोखिम कम करने व सकारात्मक विकास को सपोर्ट करने के लिए व्यवहार संबंधी स्वास्थ्य, प्राथमिक देखभाल, स्कूल आधारित सेवाएं, घर के बाहर और घरेलू देखभाल, युवा और पारिवारिक सेवाएं तथा पैस्टोरल देखभाल शामिल हैं।

FAP के पारिवारिक समर्थन मॉडल को व्यवहार संबंधी स्वास्थ्य, पारिवारिक रोकथाम और फॉस्टर देखभाल, आस्था-आधारित मानसिक स्वास्थ्य व अन्य सेवाओं में एकीकृत किया जा रहा है। □□□ का हस्तक्षेप फ्रेमवर्क ट्रॉमा केन्द्रित संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी (TF-CBT) में भी लागू किया जा रहा है।

FAP, LGBTQ बच्चों, युवाओं और युवा वयस्कों के लिए परिवार-आधारित देखभाल प्रशिक्षण प्रदान करता है और FAP के हस्तक्षेप फ्रेमवर्क को एजेंसियों के कार्यक्रमों में एकीकृत करने के लिए उनकी मदद करता है।

कैटलिन रायन, PhD, ACSW
निर्देशक, Family Acceptance Project® - fap@sfsu.edu
अनुवाद करता: देसी रेनबो पैरेंट्स & ऐलाइज़ (desirainbow.org)

https://familyproject.sfsu.edu/